आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 28.11.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नागरिको को दिये मंत्र।
- मुख्यमंत्री ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर/एसपी को दिये निर्देश।
- निर्वाचन आयोग ने अब तक 50 करोड़ से अधिक गणना पत्रक किये वितरित।
- प्रदेश में ठंड का दौर जारी, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तक तापमान ऐसा ही बने रहने का जताया अनुमान।

<u>प्रधानमंत्री कर्नाटक</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ में सोने की परत चढ़ी तीर्थ मंडप का उद्‌घाटन किया और सोने की परत चढ़ी कनक किंदी को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश को आत्म–निर्भर बनाने के लिए नौ मंत्र दिए हैं। श्री मोदी ने कहा कि नागरिक पानी, नदी का संरक्षण करें और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का हिस्सा बनें। कम से कम एक गरीब व्यक्ति को गरीबी से ऊपर उठाने और स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए हर नागरिक अपना योगदान दे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवद गीता शांति की बात करती है और शांति सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प की भी। श्री मोदी ने कहा–

<u>प्रधानमंत्री–मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

<u>मध्यप्रदेश कानून व्यवस्था</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों का सामान्य जन–जीवन सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण की कार्यवाही की जाए। कानून व्यवस्था की जिले में अच्छी एवं आदर्श स्थिति रहे, यह कलेक्टर एसपी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल रात मुख्यमंत्री निवास प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स, एस पी से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता हो। पुलिस की नियमित गश्त होना चाहिए। रायसेन में मासूम बच्ची से दुष्कर्म के अपराधी की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री ने आज कहा–

<u>श्रम कानून प्रतिक्रिया</u>

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने 4 नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। रतालम की स्थानीय निवासी रीता सिसोदिया ने श्रम कानूनों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि–

56वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का भव्य समापन समारोह आरंभ हो गया है। सिनेमा का उत्सव मनाने वाला नौ जादुई दिनों का उत्सव के समापन समारोह में अनेक सितारे भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन, महोत्सव के निदेशक शेखर कपूर समारोह में शामिल हो रहे हैं।

फिल्मों को मशहूर गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड, सिल्वर पीकॉक अवॉर्ड और आईसीएफटी-यूनेस्को गांधी मेडल दिए जाएंगे। इस वर्ष फिल्मोत्सव में 81 देशों की 240 से ज़्यादा फिल्में दिखाई गईं, जिसमें जापान कंट्री ऑफ फोकस, स्पेन पार्टनर कंट्री और ऑस्ट्रेलिया स्पॉटलाइट कंट्री रहा।

निर्वाचन आयोग–एस. आई. आर.

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण– एस. आई. आर. के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 68 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं।

बैतूल जिले में आमला विधानसभा के बाद अब मुलताई और बैतूल विधानसभा ने भी बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। नीमच जिले ने कुल 97.98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर, इस अभियान को सफल बनाकर प्रदेश में दूसरा स्थान हांसिल किया है। सीहोर जिले ने 92.05 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा किया है।

शिवराज रेल

केंद्रीय रेल , सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एमजीआर चेन्नई सेंट्रल –श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा अंडमान एक्सप्रेस को सांची स्टेशन पर और यशवंतपुर हजरत निजामुद्दीन कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को विदिशा रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की घोषणा की है। क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने रेल मंत्री की इस पहल पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आम जन को अधिक से अधिक सुविधाएं दिए जाने के प्रयासों के तहत यह एक और कदम है। इससे निश्चित ही सांची और विदिशा के आम यात्रियों को लाभ होगा।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया और 16.93 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक बहुउद्देश्यीय गुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप, खेलों को केन्द्रित नहीं, बल्कि विकेन्द्रीकृत करना है।

जेम क्रेता संवाद 2025

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत जेम क्रेता संवाद 2025 का आयोजन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रजिस्टर्ड क्रेता उपस्थित रहे। अमित कुमार अग्रवाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेम ने कहा कि 'क्रेता संवाद' विभागों के लिए जेम प्लेटफ़ॉर्म की समझ को गहरा करने, संचालन संबंधी प्रश्नों का समाधान पाने और यह सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि हर विभाग इसकी सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सके। जैम क्रेताओं का कहना रहा कि जैम बहुत ही अच्छा माध्यम है जिसके जरिए हम सभी तरह के की खरीदी और बिक्री के संबंध में आसानी से जानकारी लेकर उसमें आगे बढ़ सकते हैं।

मौसम

मध्य प्रदेश में ठंड का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में शहडोल 6.1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। नौगांव में 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में लोगों को हल्की राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तापमान ऐसा ही बने रहने का अनुमान जताया है और कोई चेतावनी जारी नहीं की है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में –

- नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने सतना में vkt रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बठिया तथा बेला में दो नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन किया।
- उज्जैन कलेक्टर ने आगामी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. शास्त्री नगर में एक महत्वपूर्ण बैठक ली।
- मंदसौर कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद सैनिकों के परिवारजनों एवं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान कर उन्हें राष्ट्र–निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान के लिए नमन किया गया।
- स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से नगर निगम खंडवा ने "स्वच्छता की पाठशाला" अभियान शहर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित किया।

———————————